[श्री रामावतार शास्त्री]

हार्दिक स्वागत किया है तथा सरकार को इसके लिए बधाई दी है ।

परन्तु महंगाई में वृद्धि के साथ सेनानियों की कठिनाइयां भी बढ़ती जा रही हैं । इसलिए, उनकी मांग है कि प्रतिमाह मिलने वाली पेंशन की राशि को तीन सौ रुपए से बढ़ाकर चार सौ रुपए कर दिया जाए ।

प्राय: सभी सेनानी बूढ़े हो चुके हैं । ऐसे लोगों को रोग आसानी से धर दबाता है जिसके लिए इलाज की सख्त जरूरत होती है । इसके लिए भारत सरकार की ओर से चिकित्सा के लिए कम से कम एक सौ रुपए माहवारी प्रत्येक सेनानी को अतिरिक्त राशि के रूप में देने की व्यवस्था की जानी चाहिए । इस प्रकार कुल मिला कर सेनानियों को प्रत्येक माह पांच सौ रुपए पेंशन के रूप में दिया जाए ।

सेनानियों में इस बात को घोर असन्तोष है कि सन् 1931 के गांधी-इर्विन समझौते के बाद जेलों से रिहा सभी सेनानियों को सम्मान पेंशन की राशि नहीं दी जा रही है । इस ओर सरकार का ध्यान जाना चाहिए ।

स्वतंत्रता सैनिक सम्मान पेंशन योजना के अन्तर्गत गठित गैर-सरकारी सलाहकार समिति ने गृह मंत्री की अध्यक्षता में हुई अपनी 18 जून, 1982 की बैठक में सर्व सम्मति से सिफारिश की थी कि (1) स्वेज कनाल और अम्बाला कैंट के मामलों से संबंधित व्यक्तियों (2) सी आई एच विद्रोह और मिस् विद्रोह के मामलों में कैद की सजा काटे व्यक्तियों (3) 1871 के वूका आन्दोलन में भाग लेने वाले व्यक्तियों (4) 1940 के हालवेल स्मारक हटाओ आन्दोलन में भाग लेने वाले व्यक्तियों (5) रानी झांसी रेजिमेंट की भूतपूर्व आजाद हिन्द की उन महिलाओं को जो युद्ध के मोर्चे पर लड़ी थीं, स्वतंता सैनिक सम्मान पेंशन की राशि दी जाए । समिति ने यह भी सिफारिश की थी कि जेलों में रहते स्वतंत्रता सेनानी माता पिता के पैदा हुए बच्चों तथा जो उनके साथ जेलों में अर्हक अवधि तक रहे उन्हें सम्मान पेंशन देने की व्यवस्था की जाए । बाद की बैठक में समिति ने पुनश्चा वायलर, तेलगाना आन्दोलन और भोपाल आन्दोलन में भाग लेने वाले सेनानियों को भी पेंशन देने की सिफारिश की ।

सलाहकार समिति की सिफारिशों---को एक साल गुजर गया है । फिर भी दुख और आश्चर्य की बात है कि उसकी सिफारिशों को अब तक अमल में क्यों नहीं लाया गया । अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी संगठन ने अपनी गत 6 जुलाई की बैठक में उक्त सिफारिशों को फौरन लागू करने की मांग की है ।

सरकार को इन सारी बातों के बारे में सदन के सामने शीघ् एक ब्यान प्रस्तुत करना चाहिए ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now Shri Ram Vilas Paswan will move his motion.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY: I have given my amendment to the motion.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let him move his motion. Then only you will come to know what the motion is.

14.28 hrs.

MOTION Rs: SECOND REPORT OF COMMITTEE OF PRIVILEGES

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर): मैं प्रस्ताव करता हूं :

> "कि यह सभा 21 अप्रैल, 1982 को सभा में प्रस्तुत किए गए विशेषाधिकार समिति के दूसरे प्रतिवेदन पर विचार करती है ।"

उपाध्यक्ष महोदय, आज का जो विषय है वह किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, किसी दल विशेष का नहीं बल्कि ऐसा विषय है जो सदन और सदस्यों की गरिमा से संबंध रखता है । इस सदन की परिपाटी आज से नहीं अंग्रेजों के समय से ही यह चली आ रही है कि इस सदन और इसके सदस्यों की गरिमा की रक्षा की जाए ।

हमारे सामने विट्ठल भाई पटेल का फोटो लगा हुआ है । उन्होंने अंग्रेजों के समय भी प्रतिकार किया था और सदन की गरिमा और मर्यादा को कायम रखा था । चाहे इस पक्ष के या उस पक्ष के सदस्य हों, वरिष्ठ से वरिष्ठ हों या नए से नए सदस्य हों सभी को आज यह महसूस हो रहा है कि सदस्यों की प्रतिष्ठा अफसरों के मुकाबले में घटती जा रही है और ऐसा कोई दिन नहीं गुजरता है जिस दिन किसी न किसी सदस्य का ह्यूमिलियेशन न होता हो । माननीय सदस्य का अपमान नहीं होता हो। और कोई एक भी उदाहरण नहीं है कि जिसमें किसी भी अफसर के खिलाफ किसी सदस्य ने शिकायत की हो और उस अफसर को प्रताड़ित किया गया हो। उल्टे जिस अफसर के खिलाफ मामला होता है, बना बनाया एक जवाब आता है जिसके तहत नीचे से ऊपर के अधिकारी और मंत्री तक उसी जवाब को यहां एढ़ दिया करते हैं और अफसर खुश हो जाते हैं । और बाद में उस अफसर को जिसके खिलाफ शिकायत होती है, प्रोमोशन भी मिल जाता है । मैं चाहूंगा कि प्रिवलेज कमेटी की जो सैकेन्ड रिपोर्ट है, उस कमेटी के जितने विद्वान सदस्य हैं और खास कर के जो उसके सभापति हैं उनके प्रति मेरी बड़ी आस्था है, समिति की रिपोर्ट को ही देखा जाए जो इन्होंने साक्ष्य लिया है तो शायद ही कोई ऐसा सदस्य है जिसने अफसर के काम को सराहनीय कहा हो, सब ने उसकी निन्दा की है एक स्वर से । माननीय सदस्य, श्री कुंवर राम यहां बैठे हुए हैं, 29 नवम्बर, 1980 की घटना है, ये स्कूटर पर अपने लड़के के साथ पटना सेक्रेटेरिट गए थे, शनिवार का दिन था, सेक्रेटेरियट चारों तरफ से घेर कर के बन्द किया हुआ था, उसी के बीच में बैंक है, उस दिन शनिवार होने की वजह से बैंक 12 बजे तक खुला था । यह 12 बजने से 10 मिनट पहले ही जाते हैं अपने बैंक से पैसा निकालने के लिए । सही बात माननीय सभापति जी और सदस्यों ने पूछी थी कि जहां बैंक में लोगों का पैसा जमा रहता है उस गेट को बंद रखने की क्या तुक है ? लेकिन वह दूसरा मामला है । जब माननीय सदस्य वहां जाते हैं तो उनसे पूछा जाता है कि तुम्हारे पास आइडेंटिटी कार्ड है, तुम एम. पी. हो ? वह अपने लड़के को भेज कर कार्ड मंगाते हैं । उसके बाद उनको कहा जाता है कि तुम नहीं जा सकते हो । माननीय सदस्य ने कहा कि हमारी बीवी बीमार है, हमें पैसा निकालना है । कहा गया तुम नहीं जा सकते हो । उसके बाद माननीय सदस्य धरना पर बैठ जाते हैं । उस समय उनके साथ गाली गलोच हुई, जिसका सदस्य ने जिक्र किया है, जितनी भद्दी गाली दी गई है उसको मैं यहां नहीं कह सकता हूं । और कहा गया तुम्हारी आंखें निकाल लेंगे । गिन कर के 35 डंडे मारे, बाद में 50 हो गये । इस तरह से माननीय सदस्य का ह्यूमिलिएशन होता है, गाली दी जाती है । माननीय सदस्य कहते हैं कि मैं यहां से नहीं उठूंगा जब तक मुख्य मंत्री या कोई वरिष्ठ अधिकारी नहीं आता । उसके बाद एक मंत्री आते हैं वह इनको लेकर चीफ मिनिस्टर के यहां जाते हैं । तो माननीय सदस्य के शब्द हैं पृष्ठ 14 पर, माननीय सदस्य कहते हैं कमेंट के सामने "ऐसा लगा कि जितना पुलिस ने अपराध नहीं किया था उससे ज्यादा मुख्य मंत्री ने अपराध किया । यह तो सच्ची घटना है, उसके बाद उन्होंने कहा मुख्य मंत्री ने डांट कर कहा तुम बेवकूफ हो, तुम लिख कर दे दो । इन्होंने लिख कर दिया, उसी दिन 29 तारीख को लिख कर दिया । सदन में मामला उठाया गया 5 दिसम्बर, 1980 को । उसके बाद पुलिस रेकार्ड करती है 15 जनवरी को । होम कमिश्नर, श्री अरुन पाठक से जब कमेटी के सामने पूछा जाता है, श्री सोमनाथ चैटर्जी ने पूछा क्या आपने यह जानने का पयत्न किया कि नगर पुलिस अधीक्षक ने किस प्रकार मामले की जांच की? तो होम कमिश्नर कहते हैं "मैंने कोई स्वतंत्र जांच नहीं की"।

फिर पेज 53 पर श्री चैटर्जी पूछते हैं "आपने जानने का प्रयत्न नहीं किया कि माननीय सदस्य का कथन क्या है ?"

होम कमिश्नर कहता है कि जी नहीं, नहीं किया ।

श्री पी. शिवशंकर जी कहते हैं कि क्या हम समझें कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि पुलिस ने अपनी

[श्री राम विलास पासवान]

सीमाओं का उल्लंघन किया ? अरुणा पाठक कहता है कि स्पष्टत: इसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है ।

चटर्जी साहब कहते हैं कि पुलिस सही है या माननीय सदस्य ? अरूण पाठक कहता है कि पुलिस वहां उपस्थित थी, हो सकता है कि उसने असंसदीय भाषा का प्रयोग किया हो ।

श्री पी. शिवशंकर, जो उस समय ला मिनिस्टर थे, कहते हैं कि पुलिस ने सीमाओं का उल्लंघन कया और माननीय सदस्य की भावनाओं को ठेस पहुंचायी ? गृह-आयुक्त कहता है कि जी हां, माननीय सदस्य की भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई थी ।

पेज 55 पर चटर्जी साहब कहते हैं कि क्या आप जानते हैं कि इस निरीक्षक ने किसी प्रकार की जांच की ? क्या उन्होंने माननीय सदस्य के विचार लिए, क्या इस निरीक्षक ने स्वतंत्र साक्षियों के विचार और उनके व्यान लिये अथवा नहीं ? ऐसा लगता है कि आपको कुछ भी पता नहीं है । अरुण पाठक कहता है कि मैंने कोई जांच नहीं की ।

उसके बाद शिवशंकर जी कहते हैं, आप आयुक्त है, आप एक जिम्मेदार और बहुत ऊंचे अधिकारी हैं, जो कुछ हुआ आप उसकी जांच किए बिना कैसे उसकी पुष्टि कर सकते हैं मैं इस बात से हैरान हूं ?

श्रीमती शीला कौल कहती हैं कि क्या आपने कभी यह महसूस किया है कि आपको विशेषाधिकार समिति के समक्ष जवाब देने के लिए लाना है, क्या आप इस समिति के महत्व को समझते हैं?

श्री जी. एल. डोगरा जी ने कहा कि सभी सदस्य किसी भी समय सचिवालय में जाने के अधिकारी हैं, वास्तव में वे सरकार चला रहे हैं, ऐसा आप मानते हैं ? होम कमिश्नर कहता है कि हम इस मामले में ऐसा नहीं सोचते ।

संसद सदस्य नहीं जा सकता, असेम्बली का मेम्बर नहीं जा सकता है, उसके लिए ताला लगा दिया जाएगा । वह पूछते हैं कि क्या सदस्य को हक है, सदस्य भी सरकार चला रहे हैं, ऐसा आप महसूस करते हैं? वह कहता है मैं ऐसा नहीं मानता । यह एरोगेन्ट जवाब है उसका।

डोगरा जी कहते हैं क्या सिपाही के खिलाफ कोई कार्यवाही की गई थी जब कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने क्षमा याचना कर ली? जब इन लोगों ने होम कमिश्नर से रिपोर्ट मांगी तो होम कमिश्नर ने उल्टा सीधा रिपोर्ट दिया जो माननीय सदस्य ने कहा था । सीनियर सुपरिटेंडेंट आफ पुलिस श्री पांडे ने यह रिपोर्ट दी । जो जमादार था पांडे, उसने सीधा खिलाफ में रिपोर्ट दिया । इन्क्वायरी आफिसर तिवारी ने अपनी रिपोर्ट खिलाफ दे दिया । उसी के आधार पर यहां से कह दिया गया ।

एक संसद् सदस्य का मामला होता है, प्रिविलेज कमेटी में मामला रेफर किया जाता है, सम्मानित सदन इस मामले को भेजता है और अफसर को इतनी भी तमीज नहीं है कि होम कमिश्नर अपने आप जाकर इन्क्वायरी करे । होम कमिश्नर को पूछा जाता है कि तुमने इन्क्वायरी किया, तो कहता है कि नहीं । किस से इन्क्वायरी करवायी तो कहता है सीनियर एस. पी. से । सीनियर एस. पी. से कहा जाता है कि तुमने इन्क्वायरी किया, वह कहता है नहीं । उससे पूछा जाता है किस ने इन्क्वायरी की तो कहता है इन्क्वायरी वेस्ट है नगर पुलिस अधीक्षक पर । नगर पुलिस अधिक्षक, सिटी एस. पी. से पूछा जाता है कि तुमने इन्क्वार किया तो कहता है कि उसने नहीं किया । किस ने इन्क्वायरी किया ? इन्सपैक्टर आफ पुलिस ने किया ।

इन्सपैक्टर आफ पुलिस पर मैं कुछ नहीं कहना चाहता हूं, लेकिन हमारे कमेटी के सदस्य कहते हैं, वह कहते हैं, कि अधिकारियों ने अपोलोजी मांग लिया । इस-लिए यह सबसे बड़ी चीज हो गई ।

रोज ह्यूमिलियेशन हो रहा है । हमारे एक मैम्बर श्री जगपाल सिंह जी उठा रहे

थे, उनके साथ ह्यूमिलियेशन हुआ, जाटिया जी के साथ ह्यूमिलियेशन हुआ, तमाम सदस्यों के साथ ह्यूमिलियेशन होता है लेकिन पुलिस कमिश्नर आकर कह देता है कि हमसे थोड़ी गलती हो गई, वह भी जबर्दस्ती ।

सभापति महोदय ने कहा कि पहली रिपोर्ट में यह कहा गया कि संबंधित सिपाही को प्रोड्यूस करो, तो कहा कि छुट्टी पर है । सभापति महोदय ने कहा कि पहली रिपोर्ट में बताया गया कि सिपाही छुट्टी पर था, इसलिये उसका बयान नहीं लिया जा सका, तो क्या आप उसकी छुट्टी के संबंध में बता सकते हैं ?

होम कमिश्नर कहता है कि हमने विवरण की जांच नहीं की है ।

श्री पी. शिवशंकर, उस समय के ला-मिनिस्टर कहते हैं कि समिति को दुख है, इस मामले में साक्ष्य देने आए हुए साक्षियों ने परस्पर विरोधी बातें कही हैं। हमें खेद है कि इतने उच्च अधिकारियों ने संसद् सदस्य विशेषाधिकार के सम्बन्ध में अपनी अकर्मण्यता प्रदर्शित की है, आपके पास अपनी अकर्मण्यता के लिए कोई स्पष्टीकरण है ? श्री शिवशंकर ने होम कमिश्नर से पूछा कि आप वरिष्ठ अधिकारी हैं, आपका निष्कर्ष है कि पुलिस ने अपनी सीमा का उल्लघंन किया और माननीय सदस्य की भावनाओं को ठेस पहुंचाई, लेकिन जब आप इस निर्णय पर पहुंच गए, तब भी आपने कुछ नहीं किया, आप अपनी अकर्मण्यता की क्या सफाई देते हैं। होम कमिश्नर कहता है : "फीलिंग्स जरूर इन्जर हुई हैं ।" माननीय सदस्य को इस तरह बे-इज्जत कर के अफसर इस तरह का जवाब देते हैं ।

सब से दुखद स्थिति यह है--माननीय सदस्य बैठे हुए हैं, उनसे पूछिए -- कि वह अफसर वहां जा कर कहता है कि मैंने कमेटी के सामने माफी मांग ली है, मगर मैं तुमसे बदला लूंगा, तुमको सबक सिखाऊंगा । यह मैम्बर आफ पार्लियामेंट की डिग्निटी है । जहां तक चीफ मिनिस्टर का संबंध है, सभापति महोदय ने स्वंय कहा है कि या तो चीफ मिनिस्टर को बुलाया जाना चाहिए था या एससे रिपोर्ट मांगी जानी चाहिए थी । चीफ मिनिस्टर माननीय सदस्य को कहता है कि तुम बेवकूफ हो, लिख कर दो । ऐसा ह्यूमिलिएशन होता है ।

घटना की जांच करवाई जाती है एक पुलिस इंस्पैक्टर से । इस सदन की डिग्निटी और मैम्बर आफ पार्लियामेंट की डिग्निटी का स्टैंडर्ड यह है कि एक इंस्पैक्टर आफ पुलिस घटना की जांच करता है । होम कमिश्नर, सीनियर सुपरिन्टैंडेंट आफ पुलिस और एस. पी. घमंड के साथ कहते हैं कि हमने जांच की पुष्टि कर दी है ।

मैं प्रिविलेजिज कमेटी के सभापति महोदय और माननीय सदस्यों से पूछना चाहता हूं कि क्या होम कमिश्नर और सीनियर सुपरिन्टैंडेंट आफ पुलिस का यह दायित्व नहीं था कि जिस कांस्टेबल और जमादार ने माननीय सदस्य को ह्यूमिलिएट किया, उनके साथ दुर्व्यवहार किया, उनके साथ बदतमीजी की, उनको पनिशमेंट दें । क्या अभी तक उन्हें कोई पनिशमेंट दिया गया है ? सीधी सी बात है कि वह कमेटी के सामने आया और कह दिया कि मैं आपसे क्षमा-याचना करता हूं । जब श्रीमति शीला कौल, श्री शिवशंकर ला मिनिस्टर और कमेटी के मेम्बरों ने बार-बार कहा कि आप प्रिविलेजिज कमेटी के सामने हैं, आप सोच-समझ कर बात करें, तब वह कहता है कि हमसे गलती हो गई है । क्या कमेटी ने उसका एटीच्यूड देखा ?

कमेटी ने आखिर में अपने निष्कर्ष में कहा है :--

"22 समिति ने अपने समक्ष दिये गये साक्ष्य तथा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के पश्चात् यह देखा है कि एक ओर श्री अरुण पाठक, गृह आयुक्त, बिहार सरकार तथा श्री ए. के. पांडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पटना द्वारा और दूसरी ओर ड्यूटी तैनात कांस्टेबल श्री अब्दुल सत्तार तथा जमादार शिवदास पांडे द्वारा समिति के समक्ष दिये गये साक्ष्य के बीच कतिपय महत्वपूर्ण परस्पर-विरोधी बातें हैं ।"

[श्री राम विलास पासवान]

माननीय सदस्य का कहना है कि बैंक में उनका अकाउंट है और वह पैसा निकालने के लिए स्कूटर पर वहां गए थे। लेकिन सिपाही और जमादार कहते हैं कि ये बारह आदमियों के साथ गेट तोड़ने के लिए आए थे और जबर्दस्ती घुसना चाहते थे। उन्होंने यह लिखित दिया। इससे ज्यादा शर्म की बात क्या हो सकती है? जब इनके अपने सदस्य के साथ ऐसा व्यवहार होता है, तो दूसरों के साथ क्या होता होगा।

समिति ने पैराग्राफ 24 में कहा है :--

"समिति ने यह भी देखा है कि यद्यपि श्री कुवंर राम संसद् सदस्य ने 29 नवम्बर 1980 को मुख्य मंत्री से लिखित रूप में शिकायत की थी, किन्तु संबंधित पुलिस अधिकारियों का बयान 15 जनवरी, 1981 को रिकार्ड किया गया और पुलिस निरीक्षक, सचिवालय पटना ने इस मामले की रिपोर्ट उसी दिन अर्थात 15 जनवरी, 1981 को नगर पुलिस अधीक्षक पटना को दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पटना ने भी 16 जनवरी, 1981 को एक रिपोर्ट संयुक्त सचिव, बिहार सरकार को भेजी। इस से बात का पता चलता है कि संबंधित अधिकारियों ने कितनी लापरवाही से जांच की थी।"

एक ही दिन में इंसपेक्टर लिख कर के देता है, एस. पी. को एन्डोर्स कर देता है, एस. पी. एन्डोर्स कर देता है एस. एस. पी. को और एस. एस. पी होम कमिश्नर को एन्डोर्स कर देता है। 16 तारीख को यानी दूसरे दिन होम कमिश्नर उसे ज्वाइंट सेक्रेटरी को भेज देता है। कमेटी कहती है कि :

"अतः समिति यह टिप्पणी करती है कि पुलिस द्वारा जांच किये जाने में अनावश्यक विलम्ब किया गया और फिर एक ही दिन में अर्थात 15 जनवरी, 1981 को जांच भी कर ली गई तथा जांच रिपोर्ट भी भेज दी गई जब कि श्री कुवंर राम, संसद सदस्य ने 29 नवम्बर, 1980 को घटना तत्काल बाद लिखित रूप में शिकायत कर दी थी।

समिति का विचार है कि पुलिस ने बहुत लापरवाही के साथ तथा सरसरी तौर पर जांच की है और सही-सही तथ्य नहीं बताये हैं। इस सम्बन्ध में श्री अरुण पाठक, गृह आयुक्त बिहार सरकार तथा श्री ए. के. पांडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पटना द्वारा समिति के समक्ष दिये गये साक्ष्य से सच्चाई का पता लगाने में बिल्कुल सहायता नहीं मिली है।

क्या किया है उस के ऊपर? कमेटी ने यह माना है कि होम कमिश्नर ने कमेटी को मिसगाइड किया, सीनियर सुपरिटेंडेंट पुलिस ने कमेटी को मिसगाइड किया, रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं कि उस ने साक्ष्य में कमेटी को गुमराह करने का प्रयत्न किया, लेकिन एक भी चाबुक आप का उस पर नहीं लगा। इतने जिम्मेदार पदाधिकारी, जिन के हाथ में पूरे स्टेट की बागडोर है वह माननीय संसद सदस्य को इस तरह जलील करता है, गलत रिपोर्ट भेजता है, कमेटी की फाइंडिंग है कि उस से हम को सहायता नहीं मिली है लेकिन वह आ कर लास्ट में कहता है कि थोड़ी गलती हुई है तो आप ने सीधे सीधे उस को छोड़ दिया। किसी न किसी रूप में हमें कहीं न कहीं तो खूटा गाढ़ना चाहिए। आज तक दिक्कत यही है कि किसी एक भी पदाधिकारी के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई। माननीय संसद सदस्य के खिलाफ मामला होगा, मिनिस्टर के खिलाफ मामला होगा, बहुत से और मामले होते हैं लेकिन एक भी अफसर को आप ने आज तक क्लच में नहीं लिया। नतीजा यह हो रहा है, वह ब्यूरो किसी देश में बढ़ रही है, अफसर का मन बढ़ रहा है, व जानता है कि किसी भी सदस्य को गाली दे दो, किसी भी सदस्य को थप्पड़ मार दो, किसी भी सदस्य को कुछ भी कर दो, सीधी सी बात आ जायगी एन्क्वायरी एंड रिपोर्ट। दो महीने बाद एन्क्वायरी होती है। 29 नवम्बर को यह घटना घटी, 5 दिसम्बर को कुवंर राम जी ने इसे पार्लियामेंट में उठाया और 15 जनवरी को यह मामला जा कर रेकार्ड होता है, तो आप समझ सकते हैं कि उस में क्या हो सकता है? उन

का एक गिरोह बन चुका है, मैं कहना नहीं चाहता हूं लेकिन कमेटी ने सारी चीजें अच्छी की, उस ने अपनी फाइंडिंग्स दी, सब कुछ किया और सभापति महोदय की बार-बार रूलिंग के बावजूद भी हमें पता नहीं चलता है कि लास्ट में कमेटी का डंडा, उस का चाबुक इतना ढीला क्यों हो गया कि उस को छोड़ दिया । इसलिए मैं अभी भी समझता हूं कि कमेटी को चाहिए था, कमेटी का अपना प्रिविलेज है लेकिन यह सदन उस से भी बड़ा है, कमेटी को निश्चित रूप से कहना चाहिए था कि ऐसे अफसरों को जेल भेजा जाए जिस अफसरर ने इस प्रकार संसद के साथ बदतमीजी की है । मैक्सिमम पनिशमेंट उस को देना चाहिए । लेकिन आप उस को डिमांट भी नहीं करते हैं, आप ने उसके ऊपर संशयोर भी नहीं लगाया, कुछ भी नहीं किया । यह कमेटी को करना चाहिए था । इसलिए मेरा यह आज का प्रस्ताव है और मैं तो इस राय का हूं कि चीफ मिनिस्टर को बुलवाना चाहिए था । तमाम संसद सदस्यों की राय थी कि चीफ मिनिस्टर को बुलवाइए । आप उसी पार्टी को बिलांग करते हैं, आप संसद हैं, चीफ मिनिस्टर यहां से जाता है, क्या संसद सदस्य की कोई गरिमा नहीं है ? कोई मेंबर आफ पार्लियामेंट चीफ मिनिस्टर के पास जाय और कहे कि पुलिस ने हम को गाली दी है तो चीफ मिनिस्टर यह कहेगा कि तुम बेवकूफ हो ? यह चीफ मिनिस्टर का जवाब है कि तुम बेवकूफ हो । इसलिए जो सभापति महोदय की राय थी मैं उस से सहमत हूं । सभापति जी ने कहा था कि या तो चीफ मिनिस्टर को बुलाया जाए नहीं तो चीफ मिनिस्टर से रिपोर्ट मांगी जाए । यही कारण है कि आज भी माननीय संसद सदस्य को धमकी दी जा रही है, आज भी वह अफसर कहता है कि मैं ने गलती मानी है लेकिन मैंने गलती तुमसे नहीं मानी है और तुमको मैं सबक सिखाऊंगा । इसलिए मेरा यह मोशन है और यह मोशन इसलिए है कि भविष्य में कोई भी बड़े से बड़ा एदाधिकारी इस सम्मानित सदन के सदस्य के साथ खिलवाड़ नहीं करे और उसकी इंटेगिरटी के सम्बन्ध में उंगली उठाने या उसकी प्रतिष्ठा को गिराने का कोई काम न कर सके ।

मैं ने इसपर अपना अमेन्डमेंट भी मूव किया है ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: That question will arise later on.

श्री राम विलास पासवान : इसलिए मैं आग्रह करता हूं कि या तो पदाधिकारी को यहां बुलाया जाए और उससे माफी मंगवाई जाए या फिर कोई दूसरा एक्शन आप लेना चाहते हैं तो लें । (**व्यवधान**) ठीक है उसको जेल भेज दिया जाए ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Motion moved:

"That this House do consider the Second Report of the Committee of Privileges presented to the House on the 21st April, 1982."

Dr. Subramaniam Swamy.

SHRI MOOL CHAND DAGA (Pali): Call him in the House.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY (Bombay North East): Shri Ram Vilas Paswan has given most of the factual part. So, I am not going to repeat.

I also have an amendment which calls for sending this Report back to the Committee and to ask the Committee to look at some fresh evidence.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You must confine only to this Motion: Shri Ram Vilas Paswan.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY: I am not talking of Platform No. 1 of Patna Railway Station nor of Urban Co-operative Bank. (*Interruptions*).

I am not going to question the wisdom of this Report because very wise people are in the Committee. I do not think the House should pass judgment as to what should be done. In my opinion, the Committee, in view of the opinion expressed may review its own findings and then come forward with conclusions which are more appealing to the House. This is not the first occurrence. As has been pointed out there are occurrences, quite a few. There has been Shri Jatiya's case. All the cases have been

[Dr. Subramaniam Swamy]

with Harijan M.Ps. This is a factor which has to be viewed in the general context—as to what is happening in the country. This is not an ordinary case. It is something which we must look with a great deal of seriousness. There is no political angle to it. The Member involved is the ruling party Member. We are going in defence of the ruling party which is unable to protect its Members.

MR. DEPUTY SPEAKER: In defence of another Member.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY: Who also happens to be a ruling party Member unfortunately. I would recommend that he should come and sit here. That is a better place.

I draw your attention to page 35 of the Report. It says:

> "The Committee noted that there were certain material contradictions between the evidence given before the Committee by Shri Arun Pathak, Home Commissioner, Government of Bihar and Shri A. K. Pande, Senior Superintendent of Police, Patna, on the one hand and by Shri Abdul Sattar, Constable on duty and Shri Shiva Das Pandey, Jamadar, on the other hand. The Committee also noted the undue delay in conducting the inquiry by the police and then making enquiry and submitting the inquiry report on the same day, that is, 15th January, 1981."

There is no explanation why there is undue delay. But the Committee has noted there is undue delay by the police and then making enquiry and submitting the enquiry on the same day *i.e.* 15th January.

> "While the complaint was made in writing by Shri Kanwar Ram, M.P. immediately after the incident took place on 29th November, 1980."

Enquiry is dated 15th January. Committee noted that 'there is undue delay'. The Report says when final enquiry was taken up, the enquiry was started and concluded on the same day by the Inspector of police.

> "The Committee were of the view that the enquiry had been made by the police in a very casual and superficial manner and did not state the facts correctly."

What could be a bigger damnation of the administration there.

The Committee says:

> "The evidence given by Shri Arun Pathak, Home Commissioner of Bihar and Shri A. K. Pande, Senior Superintendent of Police, Patna, before the Committee, was entirely unhelpful to the Committee in arriving at the truth."

Look at this. This is a diplomatic way of saying that the man is a swine.

AN HON. MEMBER: Liar, liar.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY: Or a liar. O.K.

If swine is unparliamentary you can take it out Then, the next point:

> "The Committee were not convinced by the written statements and oral evidence given before the Committee by Shri Arun Pathak, Home Commssioner, Bihar...."

Finally the Committee says, "The Committee were of the opinion that taking into view the totality of the circumstances of the case, Shri Kunwar Ram, M.P. had been ill-treated, abused in filthy language by Shri Abdul Sattar, Constable on duty...." This is the Committee's conclusion. There is no doubt that this is a very serious matter. (*Interruptions.*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: There are 4 or 5 Members to speak

DR. SUBRAMANIAM SWAMY: Just one minute, Sir. There is no doubt that the whole incident had happened and the M.P's version has been corroborated. The behaviour of

the Administration before the Committee is disgraceful, that is judged by what the Committee itself says. The Committee has come to the very humane conclusion that since they apologised, the matter may be dropped. This is the key issue. This is the matter on which I want to take the issue. This "apology" is not the real apology. This is an apology, in my opinion, which is extractive. This is an apology, which is being given in order to avoid punishment.

I quote page 99 of the Report You please put on your ear-phone. It is in Hindi.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Dr. Swamy, I can follow your Hindi.

Dr. SUBRAMANIAM SWAMY: On page 99, the Chairman asked Mr. Pathak and on the basis of his reply, they have excused him.

यह मेरी बिल्कुल मंशा नहीं थी कि एम. पी. साहब को कुछ हो और अगर हुआ है तो क्षमा मांगता हूं, उसके लिए ।

What does that mean? Throughout, it has been like that. There are other places also where it has been said "If that is so". Then, this is not "apology". I do not know how the Committee came to the conclusion that they have apologised. Therefore, this is not a genuine apology. (*Interruptions*)

Secondly, they did not call the Chief Minister of Bihar for evidence. They should have called him because he is reported to have said several things. Whether he would add material or not, but for the fact of the matter, he should have been called.

Therefore, I would urge upon this House to unanimously send this Report back to the Committee and ask the wise men to harden a little bit and think of the bigger issue in the country and the fact that this is happening now frequently and, therefore take a more serious view and give a punishment that fits the crime that these people have committed.

प्रो. अजित कुमार मेहता (समस्तीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, श्री राम विलास पासवान और डा. स्वामी ने जो कुछ कहा है, उसको दोहरा कर मैं समय बर्बाद नहीं करना चाहता हूं । उन्होंने कान्स्टेबिल और जमादार ने जो माफी मांगी है, उसकी भाषा पर आपका ध्यान आकर्षित किया है ।

श्रीमान मैं इस माननीय समिति के निष्कर्ष को बिना शर्त मानते हुए, मेरे आचरण से माननीय सदस्य श्री कुंवर राम जी का यदि कोई अपमान हुआ है तो उसके लिए बिना शर्त इस माननीय समिति से और माननीय संसद सदस्य श्री कुंवर राम जी से क्षमा प्रार्थी हूं । मेरी प्रार्थना है कि मुझे क्षमा किया जाए ।

कहां माफी मांगी है उन्होंने कहां अपराध स्वीकार किया है । उन्होंने तो कहा है कि हमने अपना कर्तव्य-पालन किया है और उस कर्तव्य-पालन के कारण श्री कुंवर राम जी यदि गलत समझे यह उनकी समझदारी नहीं थी, क्योंकि मैं तो अपना कर्तव्य-पालन कर रहा था । उस कर्तव्य पालन करने के कारण श्री कुंवर राम जी ने यह समझा कि उनका अपमान हो रहा है ।

15.00 hrs

अगर उन्होंने इस को अपमान समझा है, तो हम उन से माफी मांगते हैं । इस बात से जाहिर होता है कि उन दोनों आदमियों ने ऐसा समझा हो नहीं कि उन्होंने कोई अपराध किया है, तब फिर इस माफी मांगने के क्या मायने हैं ? मेरा यह कहना है कि उन्होंने माफी मांगी ही नहीं है । समिति के माननीय सदस्यों को भ्रम हुआ है कि उन दोनों व्यक्तियों ने समिति से माफी मांगी है । माफी मांगी ही नहीं है, इस लिये उन को छोड़ देने का सवाल ही नहीं उठता है ।

दूसरी बात--श्री कुंवर राम ने जब बिहार के मुख्य मंत्री से शिकायत की, तो

[प्रो. अजित कुमार मेहता]

मुख्य मंत्री ने कहा--बेवकूफ हो। एक संसद सदस्य को कहा--बेवकूफ हो। इस बात को उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा है। इसलिये विशेषाधिकार का प्रश्न मुख्य मंत्री पर भी बनता है तथा विशेषाधिकार समिति के सामने मुख्य मंत्री को भी बुलाया जाना चाहिये था।

एक और बात देखिये--जब कुंवर राम जी ने मुख्य मंत्री को लिखित शिकायत ता. 29 नवम्बर को दी तो उस पर कितने दिनों तक जांच की कार्यवाही नहीं हुई। जांच की कार्यवाही 15 जनवरी को हुई--कितने समय का अन्तराल रहा --डेढ़ महीने बाद कार्यवाही शुरू हुई, डेढ़ महीने बाद विज्ञ एदाधिकारियों को एक ही दिन के जांच में पता चल गया कि कुंवर राम जी ने जो कहा है, वह सब गलत है। कांस्टेबल और जमादार ने जो कहा है, वह सही है। यह सब क्या दिखलाता है ? मेरी समझ में तो यही दिखलाता है कि अधिकारीयों का यह रवैया ही कि उन के विभाग में यदि किसी से गलती हुई है तो उस को किसी प्रकार से सजा न मिले, इस तरह का उपाय वे करते हैं। वास्तव में उन्होंने किसी प्रकार की कोई जांच नहीं की, केवल जांच की रस्म-अदायगी की गई। डेढ़ महीने तक कुछ नहीं किया गया, लेकिन उस के बाद एकदम सजगता आ गई, नीचे से सारी रिपोर्ट आई, जांच हुई और जांच करने के बाद वह रिपोर्ट भेज दी गई। इतनी शीघ्रता पुलिस विभाग में कहां होती है ?

उपाध्यक्ष महोदय, गृह आयुक्त ने इस बात की चर्चा की है कि इसमें सन्देह है कि कांस्टेबिल ने श्री कुंवर राम के साथ अभद्र व्यवहार किया होगा। मैं आपका ध्यान उनके प्रतिवेदन की तरफ ले जाना चाहता हूं – जिसमें उन्होंने कहा है कि श्री कुंवर राम ने उन कांस्टेबिल्ज को, जो अपने कर्तव्य का निर्वाह कर रहे थे, भद्दी गालियां दीं। कांस्टेबिल और जमादार ने कुछ नहीं कहा। जिनको पुलिस के साथ व्यवहार का थोड़ा भी अनुभव होगा, वे इस बात से खुद समझ जायेंगे कि ऐसी बात नहीं हो सकती कि पुलिस कर्मचारी को कोई आदमी गाली दे और वह चुपचाप सहता चला जाय। व्यवहार में तो हमेशा ऐसा ही होता है कि पुलिस के कर्मचारी भद्दी गालियां देने के अभ्यस्त होते हैं और यदि कोई गाली देने की गलती कर दे तो उस को अच्छी सजा देते हैं।

इस लिये इन सब तथ्यों पर ध्यान देते हुए मैं सदन से आग्रह करूंगा कि दोषी व्यक्तियों को सदन में उपस्थित करा कर उन को प्रताड़ित करने का निर्णय लें।

SHRI INDRAJIT GUPTA (Basirhat): The report of the enquiry made by Shri Anil Kumar Pande Senior Superintendent of Police, Patna, was submitted to Shri Avadesh Kumar, Joint Secretary to the Bihar Government, on the 16th January. In this report, the conclusion is, I quote:

> "As far as the question of misbehaviour by Abdul Sattar, the Guard on Duty, for checking passes is concerned, the allegations made by the Hon. Member have not been proved."

So, this enquiry which took place, after a lot of delay, on the 15th January and which was completed in one day and to which the Privileges Committee has referred as being superficial and hasty, came to the conclusion that the allegations of the Hon. Member have not been proved and this report is signed by the Senior Superintendent of Police, Patna, Shri Anil Kumar Pande.

Later on, the Committee came to its own conclusions on the basis of all the evidence at its disposal and categorically held that "The Committee are of the opinion that, taking into view the totality of the circumstances of the case, Shri Kunwar Ram, M.P. has been ill-treated and was abused in filthy language." It is only after they were confronted, one

by one, in the Committee with this finding that these people gave their unqualified apology. Up to that time, the findings of their enquiry and their statement was that the allegations of the Hon. Member are not proved and, therefore, are unfounded. It is only after the Committee confronted them with its own findings, one by one, that they have given their unqualified apology. This is a very curious state of affairs. Of course, the Committee on Privileges is a Committee of this House. We have great respect for them. But we have entrusted them with a particular responsibility which is to uphold the privileges of the Members of the House and the dignity of the Members of this House and I do feel that perhaps there has been some leniency in this matter.

I cannot, for the life of me, understand why the Chief Minister was not summoned. One cannot say that the Chief Minister has nothing to do with this incident. It was brought to his notice directly by the Member himself, shortly after the incident occurred, when he is supposed to have added fuel to the fire by calling him 'Bevakoof' and he simply said "All right. I have heard you. Now you go."

I do not know whether in any other State in this country there is such a Circular issued which must have the authority of the Chief Minister....

AN HON. MEMBER: No other State.

SHRI INDRAJIT GUPTA: And that no M.P. or M.L.A. can enter the premises of the Secretariat except after 3.30 P.M. It can be done only between 3.30 and 5.00 P.M. He will be allowed to enter only between these times. Otherwise, he will not be allowed to enter. It seems quite extraordinary that such a Circular does not exist in any other State, to my knowledge, and particularly when within the Secretariat premises this cooperative bank is located, the Member can only enter after 3.30 PM. when, of course, the bank is already closed for business.

AN. MEMBER: In Maharashtra also, it is like that.

SHRI INDRAJIT GUPTA: I do not think any further evidence—Perhaps Mr. Swamy has suggested that it should be referred back to the Committee for collecting further evidence—will be available to the Committee. Whatever evidence is possible, is procured. Either it can go back to them for review or these officers concerned can be summoned. All that can be done is to summon them to the House and do make them unconditionally apologise here. But I think, may be, the Committee might review their own findings in this matter.

श्री जयपाल सिंह (हरिद्वार) : उपाध्यक्ष महोदय, कुंवर राम जी के साथ जो कुछ हुआ है और हमारी प्रिविलेजेज कमेटी की जो रिपोर्ट आई है, उस से एक बात साफ जाहिर है कि उन कर्मचारियों ने इरादतन हमारे सम्मान्य सदस्य के साथ दुर्व्यवहार किया है । हमारे पासवान जी ने जो नरेट किया है रिपोर्ट में से, मैं उस को दोहराना नहीं चाहता लेकिन सवाल यह है कि इस जनतंत्र को अगर जिन्दा रखना है, तो 8-10 लाख लोगों ने जो अपने प्रतिनिधि को चुन कर भेजा है, नौकरशाही के हाथ उस को पिटवाने से क्या वह जिन्दा रह सकेगा ? यदि उस का सम्मान नहीं होगा, तो इस सदन का सम्मान भी धीरे-धीरे खत्म होता चला जाएगा । आज हमारे देश में नौकरशाही का पंजा इतना जकड़ गया है कि एक मेम्बर आफ पार्लियामेंट भी उस के सामने बोलते हुए घबड़ाता है ।

पहले तो मैं मांग करूंगा कि एक संसद सदस्य को यह अधिकार होना चाहिए कि अपनी स्टेट के, अपने क्षेत्र के छोटे और बड़े अफसरों को महीने में कम से कम एक बार अपने घर बुला सके । एक संसद

[श्री जयपाल सिंह]

सदस्य दस लाख मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करता है । इसलिए संसद सदस्य को यह अधिकार होना चाहिए कि वह उन्हें बुला कर काम बता सके और बाद में बुला कर उनसे यह जान सके कि वह काम हुआ या नहीं । एक दरोगा थाने में बैठा हुआ तो किसी को भी बुला सकता है ।

आज लोक सभा और राज्य सभा की गरिमा घट रही है । इस पर पूर्ण रूप से सोचने की जरूरत है । मेरा सुझाव इसलिए है कि संसद सदस्यों को यह अधिकार देना चाहिए महीने में कम से कम एक बार बुला कर वह उन्हें काम दे सके और बाद में उनसे पूछ सके कि मैंने आपको जितने काम दिये थे वे आपने किये या नहीं किये ।

23 जून, 1982 को सहारनपुर जिले के नांगल अंचल में साढे तीन बजे वहां के दरोगा ने मेरे साथ जो व्यवहार किया उसके बारे में मैंने आपको एक प्रिवलेज मोशन दिया है। एक दारोगा और डी.एस.पी. ने वहां मुझको रोक कर कहा कि तुम आगे नहीं जाओगे और फिर मुझ पर पथराव कराया। वहां एस.पी. आये तो मैंने उनसे कहा कि यह पथराव कर रहे हैं तो उन्होंने कहा कि आप मेरी गाड़ी में बैठ कर चलिये, मैं आपको थाने में छोड़ दूंगा । मेरे न जाने पर वे मुझ को उसी हालत में छोड़ कर चल दिये और पथराव कराने वाले दरोगा को उन्होंने नहीं रोका । इस से मेरे शेडो का सिर फट गया, मेरे ड्राइवर के मुंह पर चोट आयी और मेरे साथ जो स्थानीय विधायक श्री रामस्वरूप निम थे उनका भी सिर फोड़ दिया गया । इस बात की शिकायत मैंने एस. एस. पी. से की लेकिन आज तक दरोगा और डी एस. पी. के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया ।

एक दरोगा एक संसद सदस्य के खिलाफ ऐसा व्यवहार करने की हिम्मत करता है और मजे की बात यह है कि उसके खिलाफ कोई एक्शन नहीं होता है । अगर आप अधिकारियों के खिलाफ ऐसे मामलों में सख्ती से कार्यवाही न करेंगे, सख्ती के साथ एक्शन नहीं लेंगे, चाहे उन्हें सस्पेंड करने की बात हो, उनके बरखास्त करने की बात हो, उन्हें जेल भेजने की बात हो, तब तक आप इस सदन की या उस सदन की गरिमा को नहीं बचा सकते हैं । इसके लिए चाहे आप कोई कमेटी बिठाइये जो कि यह निर्णय करे कि क्या दंड देना है । अगर ऐसा आप नहीं करते हैं तो आज संसद् सदस्य का जो ह्रास हो रहा है, और हमारे संसद सदस्य लोगों के सामने पिटते जा रहे हैं तो ऐसी स्थिति में उनकी क्या स्थिति होगी । हम चाहते हैं कि अगर आपको जनतंत्र की व्यवस्था मजबूत करनी है तो आपको संसद् सदस्य को भी पूरा सम्मान देना होगा । आज संसद सदस्य के साथ इस तरह के व्यवहार द्वारा लोकतंत्रीय पद्धति पर ही हमला हो रहा है ।

इसलिए मेरा सुझाव है कि कुंवर राम जी वाले मामले पर अधिकारियों को सस्पेंड किया जाना चाहिए, टरमिनेट किया जाना चाहिए और अगर उन्हें जेल भी भेजा जा सकता है तो वह भी करना चाहिए ।

श्री सत्यनारायण जटिया (उज्जैन) : आदरणीय उपाध्यक्ष जी, मैंने तो उस दर्द को कहा था जो मुझे हुआ है । इसलिए अब मैं उस दर्द को पुनः व्यक्त करने की कोशिश नहीं करूंगा ।

किन्तु यह बात सही है कि प्रजातंत्र के अंदर संसद के माध्यम से जो यह व्यवस्था हम चला रहे हैं, उसमें संसद की मर्यादा को अक्षुण्ण रखने के लिए, उसकी रक्षा करने के लिए हमें कदम उठाने होंगे । अगर हमें इसा सम्मानित संस्था की मर्यादा की रक्षा करनी है तो देश में कुंवर राम जी के साथ हो रही घटनाओं पर हमें काबू पाना होगा । मुझ को लगता है कि कुंवर राम जी को संसद सदस्य बनने के बाद मां-बहिन की गाली का यह तोफा मिला है । मैं समझता हूं कि हमारे स्वाभिमान पर, हमारे प्रजातंत्र पर कलंक है । अभी जगपाल सिंह जी ने बताया कि पुलिस उनको भी पिटता हुआ छोड़ कर चली गयी । अगर हम संसद् सदस्य हुए हैं तो इसलिए नहीं कि पुलिस हमारे साथ इस तरह का व्यवहार करे ।

ऐसे अनेक लोग हैं जो अपने अंदर सारे दर्द और पीड़ा को समेटे हुए हैं । संसद सदस्यों की गरिमा बनाए रखने का दायित्व भी संसद का है । हमें इसको बनाए रखना चाहिए । कोई कुछ भी करता जाए और हम उसको माफ करते जाएं, यह कितनी हद तक होगा । इसलिए हमारी समिति ने जो निर्णय लिया है, ठीक है, लेकिन इसके बारे में पुनरावलोकन होना चाहिए । यह सामंतवादी मनोवृति है । इस तरह से तो संसद सदस्य भी जातिवाद के आधार पर माना जाएगा । यदि संसद सदस्य आदिवासी होगा उसको पीट दिया जाएगा । ये रोजमर्रा की बात हो गई है । ये बातें हमारे मर्म को आहत करती हैं । इसलिए मेरा निवेदन है कि इस मामले पर गंभीरता से विचार होना चाहिए । यह कोई सत्यनारायण जटिया, कुंवर राम या जगपाल सिंह का व्यक्तिगत मामला नहीं है, बल्कि संसद सदस्य होने के नाते जो गरिमा होनी चाहिए उसको बनाए रखने का काम निश्चित रूप से संसद का है । यदि हम अपने दायित्व को पूरा नहीं कर सके तो हमारा संसद सदस्य होना बेमानी है ।

इसलिए मेरा आग्रह है कि गरिमा को स्थापित करने के लिए जितनी कठोर से कठोर कार्यवाही की जा सकती है, की जानी चाहिए । यह प्रजातंत्र के मूल्यों को बनाए रखने के लिए जरूरी है । संसद सदस्य की गरिमा को बनाए रखने के लिए यदि हमें कुछ कठोर कदम भी उठाने पड़ें तो उठाए जाने चाहिए । मेरा आग्रह है कि इस सारे प्रश्न पर फिर से गंभीरता से विचार करें । हमारे ही लोग समिति में बैठे हैं, उनको हमारी पीड़ा का अहसास है । इस ओर वे विचार करें, यह मेरा आग्रह है ।

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE (Panskura): More than one Member has already referred to the facts which I will not go into.

The perfunctory attitude of the entire administration beginning from the constable upto the Chief Minister is clear. I have to speak on this because when it is a question of defending the privileges of a Member, I think we are in reality duty bound to defend the privileges of those whom we represent. That is where the question comes.

Now this is a very serious matter that MPs are being dealt with like this. But more serious is this that if the MPs can be dealt with like this and people can get away scotfree, what will happen to our millions of constituents? That is what is at stake. If you, from that point of view, consider this report, I will say that if the serious and the most heinous perfunctory attitude that has been shown by the administration is just somehow removed from any consideration whatsoever, then we will be answerable to our electorate in not defending their rights. So from this point of view I think this should be reviewed and these people should be hauled up here to say the least, so that our constituents feel that this is not the way to deal with these things, let alone with the MPs.

SHRI INDRAJIT GUPTA: No Member from that side, Sir?

SHRI HARIKESH BAHADUR: I have given my name.

MR. DEPUTY SPEAKER: Your name is not here.

SHRI HARIKESH BAHADUR: I gave before 10 O'clock.

MR. DEPUTY SPEAKER: Your name is not here.

SHRI HARIKESH BAHADUR: It is a lapse on the part of the Secretariat.

MR. DEPUTY SPEAKER: All right, I will give you two minutes. Now I call Mr. Sundar Singh. After him, you will speak. Shri Sundar Singh.

श्री सुन्दर सिंह (फिल्लौर) : मैं तो एडमिनिस्ट्रेशन से पहले ही बहुत तंग हूं । जो वह कर रही है, जो अफसर कर रहे हैं, जो ब्यूरोक्रेसी कर रही है वह मेम्बरों को चाहे पार्लियामेंट के हों या असेम्बलीज

[श्री सुन्दर सिंह]

के हों, उनको दुरूस्त कर रही है । बजाए एडमिनिस्ट्रेशन को ठीक करने के हमें ही ठीक वे कर रहे हैं ।

इस पर ज्यादा बोलने की जरूरत नहीं है, ज्यादा बात करने की कोई जरूरत नहीं है । जिस ने मेम्बर की बेइज्जती की है, उसको डिसमिस करना चाहिये, सख्त से सख्त और ज्यादा से ज्यादा उसको सजा देनी चाहिए । जो मिनिस्टर हैं वे भी ब्यूरोक्रेसी के मातहत चलते हैं उसको भी डिसमिस कराओ । मैं तो एडमिनिस्ट्रेशन से पहले से ही बहुत तंग हूं । मैं मिनिटर रह चुका हूं । तब किसी में जुर्रत नहीं पड़ती थी कि ऐसा काम वह कर सके । जिसने मेम्बर की बेइज्जती की है, उसको डिसमिस करने से भी कुछ नहीं बनेगा ।** माफी मांगने से तो काम चल ही नहीं सकता है । उसको जूते मारे ताकि एडमिनिस्ट्रेशन को सबक मिले । ज्यादा बात मैं नहीं कहता हूं । जहां कोई गलती करे उसको सीधे डिसमिस किया जाए । किसी भी एम पी के साथ बदसलूकी हो, जो भी ऐसा करता है उसको ठीक किया जाना चाहिए । इस में पार्टी का कोई सवाल नहीं है । यह हाउस की डिगनिटी का सवाल है जिसको हम को कायम रखना है।' तभी काम हो सकता है । ज्यादा से ज्यादा उसको सजा दी जानी चाहिये, सख्त से सख्त सजा उसको दी जानी चाहिए और**

MR. DEPUTY-SPEAKER: He has used certain Unparliamentary words. I will go through the records.

SHRI RAM VILAS PASWAN: Don't expunge it. (*Interruptions*).

DR. SUBRAMANIAM SWAMY: That portion where he says that they should be brought to this House.**

MR. DEPUTY-SPEAKER: That can be expunged.

श्री सुन्दर सिंह : मेरे कहने का मतलब यह था कि कड़ी से कड़ी सजा उनको होनी चाहिये ।

श्री हरिकेश बहादुर (गोरखपुर): समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि समिति का विचार है कि पुलिस ने बहुत लापरवाही के साथ, सरसरी तौर पर जांच की है और सही तथ्य नहीं बताए । इस सम्बन्ध में श्री अरुण पाठक गृह आयुक्त बिहार सरकार तथा श्री ए. के. पांडे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पटना द्वारा समिति के समक्ष दिये गए साक्ष्य से सच्चाई का पता लगाने में बिलकुल सहायता नहीं मिली है ।

उपाध्यक्ष महोदय, यही अधिकारी हैं जो कि श्री कुंवर राम जी के साथ जिन लोगों ने दुर्व्यवहार किया है, बदतमीजी की, उनको बचा रहे हैं । समिति के समक्ष जब ये उपस्थित हुए तो लगातार इन लोगों ने बहुत ही घमंडपूर्ण आचरण का प्रदर्शन किया । समिति के सामने जब ये आए तो समिति के माननीय सदस्यों को कई बार कहना पड़ा कि आप समिति के सामने आए हुए हैं, आप इस बात का ध्यान रखें कि जो कुछ भी आप कह रहे हैं, यह बहुत महत्वपूर्ण है, समिति एक बहुत ही संसद की महत्वपूर्ण समिति है, इसलिए जो कुछ कहना हो, सोच समझा कर कहिये लेकिन इतना होने के बावजूद भी श्री अरुण पाठक ने जिस प्रकार समिति के सामने वक्तव्य दिया है, उससे साफ जाहिर होता है कि माननीय सदस्य के साथ जो दुर्व्यवहार हुआ है, उसके प्रति उनके मन में कोई भी किसी भी प्रकार का क्षोभ नहीं था ।

उस समय के कानून मंत्री ने बहुत साफ शब्दों में यह कहा था कि समिति को दुख है कि इस मामले में साक्ष्य देने आए हुए साक्षी ने परस्पर विरोधी बातें कही हैं । हमें खेद है कि इतने उच्च अधिकारियों ने संसद सदस्य के विशेषाधिकार के सम्बन्ध में अपनी अकर्मण्यता प्रदर्शित की है ।

उन्होंने यह भी कहा था कि:

आपको इसी कारण नोटिस जारी किया गया था । आपको कुछ कहना है ? आपके पास अपनी अकर्मण्यता के लिए कोई

**Expunged as ordered by the chair.

स्पष्टीकरण है ? यदि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तो समिति निर्णय करेगी कि इस मामले में क्या किया जाए।

